एक नवरत्न कंपनी

## अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...




**1 मई, 2026**

**प्रिय साथियो,**

मुझे यह साझा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) ने दिनांक 08.04.2026 को अरुणाचल प्रदेश में 1720 मेगावाट कमला जलविद्युत परियोजना के कार्यान्वयन हेतु ₹26,069.50 करोड़ की निवेश स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना, जिसे एनएचपीसी तथा अरुणाचल प्रदेश सरकार के संयुक्त उपक्रम के माध्यम से विकसित किया जाएगा, प्रतिवर्ष लगभग 6,870 मिलियन यूनिट स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन करेगी। यह परियोजना ब्रह्मपुत्र वैली में बाढ़ नियंत्रण में भी सहायक होगी, ग्रिड स्थिरता को सुदृढ़ करेगी तथा पीक डिमांड प्रबंधन में योगदान देगी।

एक और ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में, सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की यूनिट# 4 को 30 अप्रैल 2026 को पहली बार सफलतापूर्वक ग्रिड के साथ सिंक्रोनाइज़ किया गया। इसके पश्चात ट्रायल रन प्रारंभ किया गया, जो 1 मई 2026 को सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ। यह उपलब्धि परियोजना की प्रगति में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर को प्राप्त करने पर, मैं संपूर्ण सुबनसिरी लोअर टीम तथा एनएचपीसी परिवार को हार्दिक बधाई देता हूँ। एक अन्य उल्लेखनीय उपलब्धि के अंतर्गत, सुबनसिरी लोअर परियोजना में यूनिट-6 के 395 मीट्रिक टन जनरेटर स्टेटर को 23 अप्रैल 2026 को सफलतापूर्वक स्थापित किया गया, जो परियोजना की निरंतर प्रगति को को दर्शाता है।

अप्रैल माह के दौरान प्रमुख संसदीय समितियों के साथ भी सक्रिय सहभागिता भी रही। मैंने निदेशक (कार्मिक) एवं निदेशक (तकनीकी) के साथ 15 अप्रैल 2026 को जम्मू एवं कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश के गुलमर्ग में आयोजित ऊर्जा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में भाग लिया, जिसका विषय था- 'आत्मनिर्भर विद्युत क्षेत्र के विकास में विद्युत क्षेत्र के सांविधिक निकायों, सार्वजनिक उपक्रमों एवं संस्थानों की भूमिका'। इस अवसर पर मैंने समिति को एनएचपीसी की प्रगतिरत परियोजनाओं, संचालित पावर स्टेशनों, भावी योजनाओं तथा आत्मनिर्भर विद्युत क्षेत्र के विकास में इसकी भूमिका से अवगत कराया।

लोक लेखा समिति ने 25 से 27 अप्रैल 2026 के दौरान शिमला एवं धर्मशाला, हिमाचल प्रदेश  का अध्ययन दौरा किया। इस दौरान मैंने समिति को एनएचपीसी के विविध पोर्टफोलियो, परिचालन एवं वित्तीय प्रदर्शन तथा भारत के ऊर्जा संक्रमण लक्ष्यों के अनुरूप इसकी रणनीतिक कार्ययोजना के बारे में जानकारी दी।

लोक उपक्रम समिति (COPU) की बैठक 10 अप्रैल 2026 को आयोजित की गई, जिसमें एनएचपीसी के समग्र प्रदर्शन की समिति द्वारा सराहना की गई।

निदेशक (कार्मिक) ने 9 अप्रैल 2026 को श्रीनगर तथा 21 अप्रैल 2026 को ईटानगर में आयोजित शिक्षा, महिला, बाल, युवा एवं खेल संबंधी विभागीय संसदीय स्थायी समिति की बैठकों में भाग लिया, जहाँ एनएचपीसी ने विशेष रूप से अपने सीएसआर एवं सतत विकास संबंधी प्रयासों को प्रदर्शित किया।

**माह की अन्य प्रमुख उपलब्धियाँ निम्नलिखित हैं:**

- अप्रैल 2026 माह के लिए कुल राजस्व संग्रह तथा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए संचयी राजस्व संग्रह ₹436.57 करोड़ रहा।
- अप्रैल 2026 माह के लिए कुल विद्‌युत उत्पादन तथा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए संचयी विद्‌युत उत्पादन 2342 मिलियन यूनिट (एमयू) रहा।
- 2880 मेगावाट दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना ने 14 अप्रैल 2026 को 407.80 मीटर ट्रांसफॉर्मर कैवर्न वॉल्ट उत्खनन में सफल ब्रेकथ्रू प्राप्त किया तथा 28.04.2026 को डायवर्जन टनल DT-4 एवं DT-5 में भी सफल ब्रेकथ्रू हासिल किया।
- सेवा-II पावर स्टेशन ने 11 अप्रैल 2026 को 3.256 मिलियन यूनिट (एमयू) का रिकॉर्ड एकदिवसीय विद्‌युत उत्पादन हासिल किया। जुलाई 2010 में कमीशनिंग के बाद से यह स्टेशन का अब तक का सर्वाधिक दैनिक उत्पादन है।
- पार्बती-III पावर स्टेशन ने सुरंग रिसाव सहित दीर्घकालिक तकनीकी एवं भू-वैज्ञानिक समस्याओं के समाधान के पश्चात निरंतर इंजीनियरिंग प्रयासों एवं सूक्ष्म कार्यान्वयन के माध्यम से सफलतापूर्वक पुनः विद्‌युत उत्पादन प्रारंभ किया।
- 14.04.2026 को भारत रत्न डॉ° बी आर अंबेडकर की 135वीं जयंती पूरे संगठन में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर ने समानता, न्याय एवं समावेशिता के उन स्थायी मूल्यों की याद दिलाई, जो हमें एक उत्तरदायी संगठन के रूप में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

साथियों, ये उपलब्धियाँ आपकी प्रतिबद्धता, पेशेवर दक्षता एवं अटूट समर्पण का प्रमाण हैं। आगे बढ़ते हुए हमें परिचालन उत्कृष्टता, समयबद्ध परियोजना निष्पादन, नवाचार तथा सतत विकास पर निरंतर ध्यान केंद्रित रखना है। हम मिलकर स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में एनएचपीसी की अग्रणी भूमिका को और सुदृढ़ करेंगे तथा भारत की विकास यात्रा में सार्थक योगदान देंगे।

मैं आपको एवं आपके परिवारजनों को बुद्ध पुर्णिमा तथा ईद-उल- अज़हा के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएँ भी देता हूँ।

आपका,

भूपेन्द्र गुप्ता

**(भूपेन्द्र गुप्ता)**
**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**

A Navratna Company

Great Place To Work® Certified JAN 2026-JAN 2027 INDIA

## From CMD's Desk




**1 May, 2026**

**Dear Colleagues,**

I am pleased to share that under the leadership of Hon'ble Prime Minister Shri Narendra Modi, the Cabinet Committee on Economic Affairs (CCEA), on 08.04.2026, has accorded investment approval for implementation of 1720 MW Kamala Hydroelectric Project at a cost of Rs.26,069.50 Crore, in Arunachal Pradesh. The project, to be developed through a joint venture between NHPC and the Government of Arunachal Pradesh will generate around 6,870 million units of clean energy annually. It will also provide flood moderation benefits in the Brahmaputra valley, strengthen grid stability and support peak demand management.

In yet another landmark achievement, Unit # 4 of Subansiri Lower HEP was successfully synchronized with the grid for the first time on 30th April 2026. This was followed by the commencement of the trial run, which was completed successfully on 1st May 2026. This accomplishment marks a significant stride forward in the project's progress. I extend my heartfelt congratulations to the entire Subansiri Lower Team as well as NHPC for reaching this important milestone. In another noteworthy development, the Subansiri Lower Project recorded a major achievement with the successful lowering of the 395 MT generator stator of Unit # 6 on 23rd April 2026, further underscoring the steady advancement of the project.

April also witnessed active engagement with key Parliamentary Committees. I, along with Director (Personnel), Director (Technical) attended the Parliamentary Standing Committee on Energy on the subject 'Role of Power Sector Statutory Bodies, PSUs and Institutions in development of Atmanirbhar Power Sector' held at Gulmarg, UT of J&K on 15th April 2026. I briefed the Committee about NHPC's ongoing projects and operational power stations, as well as its future plans and its role in development of Atmanirbhar Power Sector.

The Public Accounts Committee undertook a study visit to Shimla from 25th to 27th April, 2026 to Shimla and Dharamshala in Himachal Pradesh. I briefed the Committee about NHPC's diverse portfolio, operational & financial performances and its strategic roadmap aligned with India's energy transition goals.

Sitting of the Committee on Public Undertakings (COPU) for examination of the subject NHPC was held on 10th April 2026 wherein overall performance of NHPC was appreciated by the Committee.

Director (Personnel) attended the Department Related Parliamentary Standing Committee on Education, Women, Children, Youth & Sports held at Srinagar on 9th April and at Itanagar on 21st April 2026 wherein NHPC showcased its achievements, particularly in CSR and sustainable development initiatives.

**Other major highlights of the month are:**

- Total revenue collection for the month of April 2026 as well as cumulative collection for FY 2026-27 was Rs.436.57 Cr.
- The total generation for the month of April 2026 as well as cumulative generation for FY 2026-27 was 2342 MU.
- 2880 MW Dibang Multipurpose Project successfully achieved the breakthrough of the 407.80 metre Transformer Cavern vault excavation on 14th April 2026 and successful breakthrough of diversion tunnel DT-4 and DT-5 on 28.04.2026.
- Sewa-II Power Station achieved its record Single Day Power Generation of 3.256 million units (MU) on 11 April 2026. This is the highest daily generation recorded by the station since commissioning in July 2010.
- Parbati-III Power Station has successfully resumed power generation following the resolution of long-standing technical and geological issues, including tunnel leakage, through sustained engineering efforts and meticulous execution.
- 135th birth anniversary of Bharat Ratna Dr. B.R. Ambedkar was commemorated with great reverence across locations on 14.04.2026. The occasion served as a reminder of the enduring values of equality, justice and inclusivity that guide us in our journey as a responsible organization.

Colleagues, these achievements are a testament to your dedication, professionalism and unwavering commitment. As we move forward, let us continue to focus on operational excellence, timely project execution, innovation and sustainability. Together, we will strengthen NHPC's position as a leader in clean energy and contribute meaningfully to India's growth story.

I would also like to extend my warmest wishes to you and your family for the joyous festival of Buddha Purnima and Eid al- Adha .

Sincerely Yours,

**(Bhupender Gupta)**
**Chairman & Managing Director**